प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 18.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- सुप्रीम कोर्ट में नीट यूजी में गड़बड़ियों से जुड़े मामलों में सुनवाई शुरू, सीबीआई ने दाखिल की दूसरी स्टेटस रिपोर्ट।

2- झारखंड सरकार ने अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे राज्य के 27 कामगारों की वापसी के लिए विदेश मंत्रालय को लिखा पत्र।

3- बोकारो में अपराधियों ने की विस्थापित नेता की गोली मार कर हत्या, विरोध में लोगों ने जाम की सड़क।

4- पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम की घोषणा, झारखंड की दीपिका और निकिता समेत 117 सदस्य होंगे शामिल ।

*******************

सुप्रीम कोर्ट में नीट यूजी में गड़बड़ियों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई शुरू हो गई है। सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने कहा कि दोबारा नीट परीक्षा कराने के लिए हमारे सामने ठोस कारण होने चाहिए। वहीं सीबीआई ने कोर्ट में दूसरी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की है। इधर, नीट पेपर लीक से जुड़े मामले में सीबीआई ने पटना एम्स के चार डॉक्टरों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इन पर पेपर सॉल्व करने का आरोप है। सीबीआई ने इनके कमरे को सील कर दिया है।

*******************

विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर ने कल मॉरिशस में भारत के पहले जनऔषधि केन्द्र का उद्घाटन किया। मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगनॉथ भी इस अवसर पर उपस्थित थे। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि इस औषधि केन्द्र की स्थापना का वादा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष के शुरू में किया था, जिसे अब पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत–मॉरिशस स्वास्थ्य साझेदारी परियोजना के अंतर्गत भारत में निर्मित और सस्ती दवाओं की आपूर्ति की जायेगी ताकि जन स्वास्थ्य और लोगों की खुशहाली को बढ़ावा दिया जा सके।

*******************

न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह और न्यायमूर्ति आर महादेवन ने आज सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने दोनों जजों को शपथ दिलाई। इससे पहले, न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह जम्मू–कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे, जबकि न्यायमूर्ति आर महादेवन मद्रास हाईकोर्ट के न्यायाधीश थे।

*******************

झारखण्ड सरकार ने विदेश मंत्रालय से दक्षिण अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे राज्य के 27 कामगारों की सुरक्षित वापसी के लिए आग्रह किया है। इसके लिए सरकार ने विदेश जाने वाले भारतीय कामगारों के हितों की रक्षा के लिए जिम्मेदार प्राधिकरण को पत्र भी लिखा है। पत्र में प्राधिकरण को बताया गया है कि श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो के 27 कामगारों ने सूचित किया है कि वे सभी कैमरून में 29 मार्च, 2024 से काम कर रहे हैं। उनका भुगतान बकाया है और वे झारखण्ड लौटना चाहते हैं।

*******************

हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के गृह जिले जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं बदतर हो चुकी हैं। साथ ही पूरे कोल्हान क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति बदहाल है। श्री जायसवाल कल जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के बिष्टुपुर में भाजपा के अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गठबंधन सरकार की नीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष की मुहिम को पूरी मजबूती से जारी रखने की बात कही।

*******************

सरायकेला खरसावां जिले में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य तेज गति से चल रहा है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*******************

बोकारो जिले के सेक्टर नाइन में विस्थापित नेता शंकर रवानी की अपराधियों ने आज सुबह गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना को बाइक और कार सवार अपराधियों ने अंजाम दिया है। घटना के बाद विस्थापित नेता को घायल अवस्था में बोकारो जनरल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है। इधर, घटना से गुस्साए लोगों ने जिले के नयामोड़ में सड़क जाम कर दिया है।

*******************

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत आज गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखण्ड स्थित गैर सरकारी संगठन विकास भारती का दौरा करेंगे। श्री भागवत यहां होने वाले ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होकर गांवों के समग्र विकास के लिए ग्राम प्रमुख सहित अन्य लोगों से चर्चा करेंगे। इस दौरान श्री भागवत पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता अभियान का भी शुभारंभ करेंगे।

*******************

रेलवे सुरक्षा बल, आरपीएफ ने हटिया स्टेशन से साढ़े चौदह किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर उत्तरप्रदेश के एटा और बिहार के बेतिया के रहने वाले हैं। बरामद गांजा की कीमत सात लाख बाइस हजार रुपए आंकी गयी है। उपनिरीक्षक सूरज पांडे ने बताया कि संबलपुर–गोरखपुर एक्स्प्रेस में चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को भारी बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में देखा गया। संदेह के आधार पर उसके बैग की तलाशी ली गई, जिसमें से गांजा बरामद किया गया। उसी व्यक्ति की निशानदेही पर एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

*******************

श्रावणी मेला के अवसर पर रेलवे प्रशासन द्वारा कांवरियों की सुविधा के लिए गोरखपुर–देवघर श्रावणी मेला विशेष गाड़ी का परिचालन 20 जुलाई से 20 अगस्त, 2024 तक तथा देवघर–गोरखपुर श्रावणी मेला विशेष गाड़ी का परिचालन 21 जुलाई से 21 अगस्त, 2024 तक किया जा रहा है। रेल प्रशासन द्वारा इसकी सूचना जारी कर दी गई है।

*******************

पाकुड़ जिले में ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए स्कूल रुआर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। समग्र शिक्षा योजना के तहत आयोजित इस कार्यशाला में पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान छूटे हुए बच्चों को स्कूल में भर्ती कराने पर चर्चा की गयी।

*******************

मौसम विभाग ने कहा कि राज्य के अधिकतर हिस्सों में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे–धीरे दो से तीन डिग्री की वृद्धि हो सकती है। हालांकि, इसके बाद अगले दो दिनों में इसमें गिरावट आने की भी संभावना है। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में मानसून की गतिविधि कमजोर हुई है। 20 जुलाई से फिर राज्य में बारिश होनी शुरू होगी।

*******************

पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम में झारखंड की दो महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी और अंकिता भकत समेत कुल एक सौ सत्रह खिलाड़ी शामिल हैं। 26 जुलाई से शुरू होने वाले खेलों के इस महाकुंभ में खिलाड़ियों के साथ कोच, सहयोगी स्टाफ और अधिकारी भी जा रहे हैं, जिनकी कुल

संख्या एक सौ चालीस है। लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूर्व निशानेबाज गगन नारंग को भारतीय दल का प्रमुख बनाया गया है।

*******समाप्त******